RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



पहले थी सुर-ताल की, चारों ओर बहार।
लटकों-झटकों की हुई, अब केवल भरमार।
अब केवल भरमार, डांस के सब दीवाने।
कर्ण प्रिय अब नहीं, नेत्र भोजन हैं गाने।
कह साहिल कविराय, कलेजा सुनकर दहले।
कहां गीत-संगीत, हुआ करता जो पहले।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 68 | SUNDAY 22-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com






# गैस सिलेंडर ब्लैक का मामला : जम्मू ADC से पंजाब के DC भी लें सीख, बाढ़ दौरान लुधियाना DC भी बने थे सुपर हीरो

## जम्मू की महिला एडीसी के गैस एजेंसियों पर लिए एक्शन की वीडियो वायरल

लुधियाना/यूटर्न/21 मार्च। अमेरिका-इजरायल और ईरान के युद्ध के कारण लगातार गैस की दिक्कत सामने आ रही है। वहीं चर्चा है कि अब भारत की कई स्टेट में गैस एजेंसियों द्वारा सिलेंडर ब्लैक करने शुरू कर दिए गए हैं। वहीं चचाएं यह भी है कि लुधियाना में भी कुछ गैस एजेंसी मालिकों ने कमाई के चक्कर में सिलेंडर की कालाबाजारी शुरू कर डाली है। जिसके चलते जहां एक व्यक्ति को एक सिलेंडर मिलना मुश्किल हो रहा है, वहीं एजेंसियों की मेहरबानी से कइयों को 2-3 सिलेंडर मिल रहे हैं। वहीं ऐसा की एक मामला जम्मू का सामने आया है। जहां पर एडीसी जम्मू अनुया जामवाल की और से एक एजेंसी में रेड कर कालाबाजारी करते पकड़ा गया। वहीं एडीसी द्वारा सभी एजेंसियों का रोजाना का स्टॉक चैक करना शुरू कर दिया गया और बकायदा इसके लिए टीमें भी गठित कर दी है। वहीं एडीसी की यह कार्रवाई की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस वीडियो के बाद शहर में चर्चा छिड़ गई है कि लुधियाना डीसी हिमांशु जैन द्वारा शहर में बाढ़ के दौरान 104 बुखार होने के बावजूद सुपर हीरो की तरह सामने आकर लोगों की मदद की थी। वहीं अब भी लोग उम्मीद कर रहे हैं कि एजेंसियों द्वारा जबरन लाई गई गैस की किल्लत के समय में भी क्या डीसी फिर से सुपर हीरो की तरह सामने आकर लोगों के हक का बचाव करेगें।





डीसी हिमांशु जैन

### ऐसे हो रही कालाबाजारी

जानकारी के अनुसार एजेंसियों को पीछे से सप्लाई पहले की तरह पर्याप्त आ रही है। लेकिन कुछ एजेंसी मालिकों द्वारा किल्लत दिखाई जा रही है। उनकी और से कुछ लोगों को बुकिंग के बावजूद सिलेंडर नहीं दिए जाते, तो कइयों को बुकिंग के अलावा ब्लैक में 2 से 3 सिलेंडर दे दिए जा रहे हैं। जिस वजह से जिन्हें सिलेंडर नहीं मिल पाता, उन्हें लगता है कि शायद शॉर्टेज हो रही है। जिसके चलते यह पैनिक क्रिएट हो रहा है। वहीं एजेंसी मालिक ब्लैक में प्रति सिलेंडर 300 से 400 रुपए मुनाफा रखकर बेच रहे हैं।

### जम्मू की एडीसी ने ऐसे पकड़ी एजेंसियों की चोरी

दरअसल, जम्मू की एक गैस एजेंसी की और से जिन लोगों द्वारा पहले बुकिंग करवाई जा रही थी, उन्हें 20 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं दिया गया। वहीं जिन्होंने आज बुकिंग करवाई, उन्हें कल डिलिवरी भी कर डाली। वहीं पीछे से स्टॉक सही आ रहा था, लेकिन आगे ग्राहकों की बुकिंग होने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं दिए जा रहे थे। आम जनता को शॉर्टेज बताई जा रही थी और दूसरी तरफ वहीं सिलेंडर एजेंसी मालिक ब्लैक कर रहा था। एडीसी ने खुद मौके पर पूरा रिकॉर्ड चैक किया तो यह खुलासा हुआ।

### प्रशासन रोजाना सप्लाई और डिलिवरी की रिपोर्ट करें चैक

वहीं लुधियाना जिला प्रशासन को शहर की सभी गैस एजेंसियों की जांच करनी चाहिए। जिसमें पीछे से एजेंसियों को रोजाना कितने सिलेंडर आ रहे हैं और आगे रोजाना कितनों की डिलिवरी हो रही है, इस डेटा को एजेंसियों से लेकर चैक करना चाहिए। यह भी देखना चाहिए कि जिनकी बुकिंग पहले हुई है, उन्हें पहले मिल रहा है या नहीं। चर्चा है कि कई एजेंसी मालिकों द्वारा सिफारिशी बुकिंग का पहले भुगतान किया जा रहा है। जिससे कालाबाजारी अपने आप बंद हो जाएगी।

### जिला प्रशासन आदेश कर रहा जारी, जमीनीं सत्र पर असर नहीं

तीन देशों के युद्ध के बाद जिला प्रशासन द्वारा लगातार आदेश जारी किए जा रहे हैं। जिसमें एजेंसी मालिकों को भी ग्राहकों को दिक्कत न आने की बात कही जा रही है। लेकिन जमीनीं सत्र पर आदेशों का असर देखने को नहीं मिल रहा। एजेंसी मालिक तो कालाबाजारी कर ही रहे हैं, उसके अलावा डिलिवरी बॉय भी जमकर इसका फायदा उठा रहे हैं।



### सरकार मॉनिटरिंग करे तेज

कारोबारी किंटी ढुकराल ने कहा कि सरकार को गैस सिलेंडरों की सप्लाई की मॉनिटरिंग तेज करनी चाहिए। जिससे जनता को राहत मिलेगी और कालाबाजारी बंद होगी। भारत सरकार की तरफ से गैस सप्लाई पूरी दी जा रही है। लेकिन आगे कुछ एजेंसियां व शरारती तत्व जनता को खराब कर रहे हैं।



### मंत्री को हल कराना चाहिए मुद्दा

कारोबारी उपकार आहूजा ने कहा कि इंडस्ट्री को कम गैस मिलने पर भी वे सैक्रिफाइस कर रही है। लेकिन दूसरी तरफ गैस की ब्लैकशिप हो रही है। मंत्री संजीव अरोड़ा बाकी मुद्दों की तरह इसे भी उठाए, ताकि हल हो सके।

# पीआर-7 रोड पर खतरनाक लापरवाही, बिना चेतावनी बीच सड़क खंभे; हादसों का खतरा बढ़ा

जीरकपुर/यूटर्न/21 मार्च। शहर में लापरवाही के हैरान करने वाले मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला पीआर-7 रोड का है, जहां प्रशासनिक उदासीनता और सुरक्षा मानकों की अनदेखी ने इस मार्ग को बेहद खतरनाक बना दिया है। जानकारी के अनुसार, सड़क के बीचों-बीच खंभे रखकर रास्ता बंद कर दिया गया है, लेकिन मौके पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही रेडियम लाइट या रिफ्लेक्टर की व्यवस्था की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति कई दिनों से बनी हुई है और इस दौरान कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, खासकर रात के समय जब अंधेरे में वाहन चालकों को ये खंभे दिखाई नहीं देते। शुक्रवार रात एक बार फिर इस लापरवाही की कीमत एक वाहन चालक को चुकानी पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार, एक स्कोडा रैपिड कार तेज रफ्तार में पीआर-7 रोड पर आ रही थी। अचानक सामने खंभे नजर आने पर चालक ने ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और कार खंभों से टकरा गई। हादसे में वाहन का निचला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह सड़क नेशनल हाईवे से जुड़ी हुई है, जहां आमतौर पर वाहन तेज रफ्तार में चलते हैं। ऐसे में बिना किसी चेतावनी के रास्ता बंद करना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। उन्होंने यह भी बताया कि गूगल मैप पर यह सड़क अब भी खुली दिखाई दे रही है, जिससे बाहरी राज्यों से आने वाले वाहन चालक अनजाने में इस खतरे का शिकार हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि यदि सड़क बंद करनी थी, तो उचित बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेत लगाए जाने चाहिए थे। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द स्थिति सुधारने और सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग उठाई है, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले कार्रवाई की जा सके।



मुझे पिछले महीने की गतिविधियों की सटीक जानकारी इस समय याद नहीं है, लेकिन फिर भी मैं एक बार इसकी जांच करवा लेता हूं। — राहुल सोलख, एनएचएआई अधिकारी

# विरासत के रंगों से सजा बठिंडा, हेरिटेज मेले का आगाज

सोनू टुटेजा

बठिंडा, 21 मार्च। जिला प्रशासन बठिंडा द्वारा 19वें हेरिटेज मेले का शुभारंभ आज शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में धूमधाम से किया गया। मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर पंजाब की समृद्ध संस्कृति और विरासत का आनंद लिया।

इस अवसर पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि पंजाब अपनी समृद्ध विरासत के लिए जाना जाता है और ऐसे आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।



कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां ने कहा कि हेरिटेज मेले हमारी पुरानी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखने में सहायक हैं और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं।

मेले में प्रसिद्ध कलाकार बीनू ढिल्लों और करमजीत अनमोल ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया, जबकि सिंगर गुरजीत जीती ने अपनी गायकी से माहौल को जीवंत बना दिया। चंडीगढ़ से आए जुगनी ग्रुप ने भांगड़ा पेश कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

मेले के पहले दिन मालवा हेरिटेज कल्चरल फाउंडेशन द्वारा हेरिटेज कारवां निकाला गया, जिसकी शुरूआत गुरुद्वारा हाजी रतन साहिब से अरदास के साथ हुई। यह कारवां शहर के विभिन्न हिस्सों से होता हुआ हेरिटेज गांव जयपालगढ़ में समाप्त हुआ। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान, मेयर पदमजीत मेहता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 68 | SUNDAY 22-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# अस्पतालों की लूट : अपनी दवाइयां अपने दाम, मरीज हैं या 'बलि का बकरा'




## सरकार मौन, ड्रग पॉलिसी में खामिया, फायदा उठा रहे हैं अस्पताल

अशोक सहगल

लुधियानर यूटर्न 21 मार्च। बावजूद दर्जनों सरकारी दावों के सरकारी अस्पताल अभी भी कॉपोरेंट अस्पतालों से कोसो दूर है निजी अस्पतालों व क्लिनिकों में उपचार पहले भी काफी महंगा है सरकारी अस्पतालों में सरकारी दावों के बावजूद व्यापक सुधार होने बाकी हैं। ऐसे में निजी अस्पतालों विशेष कर कॉरपोरेट अस्पतालों में उपचार के दाम काफी अधिक है और सरकार का इन पर कोई नियंत्रण नहीं है रही बात दवाइयां की तो अब अस्पतालों ने अपने ब्रांड नाम रखकर दवाइयां बनवाने शुरू कर दी हैं और उसे पर दम भी अपनी मर्जी से प्रिंट कराये जा रहे हैं अस्पतालों में उपचार लंबा होने लगा है।

### डायग्नोस्टिक व लैब टैस्ट के रेट नहीं किए निर्धारित

सरकार द्वारा अभी तक डायग्नोस्टिक तथा लैब टैस्टों के रेट निर्धारित नहीं किए गए हैं। ऐसे में कोई अस्पताल अथवा डायग्नॉस्टिक सैंटर ज्यादा दाम वसूल कर रहा है तो कोई कम। इसी तरह लैब टैस्टों में भी देखा जा रहा है।




### अस्पतालों के टारगेट से महंगा हुआ उपचार मरीज लाचार

कॉरपोरेटर निजी अस्पतालों के निर्धारित टारगेट के चलते डॉक्टर पर उसे पूरा करने के लिए दबाव बनाया जाता है ऐसे में उपचार पहले से कई गुना महंगा हो गया है और मरीज लाचारी की हालत में डॉक्टर का मुंह देखता रहता है ओपीडी में आने वाले मरीजों में से लगभग 20 प्रतिशत को अस्पताल में ज्यादा नहीं एक–दो दिन भर्ती होने का मशवरा दिया जाता है भर्ती होने पर अस्पताल में रहने की अवधि बढ़ा दी जाती है।

### दवाइयों और टैस्टों पर लाभ प्रतिशत निर्धारित हो

लोगों का कहना है कि सरकार की चाहिए कि दवाइयों और लैब टैस्टों पर दाम निर्धारित किए जाने चाहिए जैसे ही कोई दवा फैक्टरी से निकलती है तो उस पर लाभ प्रतिशत फिक्स कर दिया जाना चाहिए। इसी तरह लैब और डायग्नॉस्टिक टैस्टों के दाम भी निर्धारित होने चाहिए।

### ईमानदारी से काम करने वाले डॉक्टर हुए कम

ऐसा नहीं कि चिकिला पैसे से जुड़े सभी डॉक्टर पैसे कमाने के लिए मरीजों का खून दूरस्ते हैं बल्कि बहुत से ऐसे डॉक्टर है जो आज भी ईमानदारी से अपना काम कर रहे हैं और पैसे की बजाय मरीज को ठीक करने में अधिक ध्यान देते हैं।

### छोटे अस्पताल व क्लीनिक भी अब पीछे नहीं

विशेषज्ञ बताते हैं कि कॉर्परिट अस्पतालों ने ही उपचार महंगा नहीं किया बल्कि कई छोटे अस्पताल और नर्सिंग होम भी मरीजों को लूटने में पीछे नहीं थे। इनमें से अधिकतर अस्पतालों के अपने डुग स्टोर है और उससे भी आगे बात करें तो कइयों ने भी अपने मुताबिक बनवा ली है।

### गरीबों की जगह उच्च अधिकारियों का उपचार होता है मुफ्त

कॉर्पोरेट तथा निजी अस्पतालों में गरीब मरीजों के लिए आरक्षित बिस्तर रखने के निदेर्शो के बावजूद अधिकतर अस्पताल इस और ध्यान नहीं देते बल्कि उनके अस्पताल में अगर कोई सरकार का उच्च अधिकारी या उसका रिश्तेदार भरती होता है तो उसका उपचार निशुल्क कर दिया जाता है और उससे कोई पैसे नहीं लिए जाते ताकि आडे वक्त में वह उनके काम आ सके।

### ड्रग प्राइस कंट्रोल की कैसे उड़ाते हैं धज्जियां

ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर जिन में जीवन रक्षक दवाइयां शामिल हैं, के दाम सरकार द्वारा निर्धारित किए गए हैं। यह ऐसी दवाइयां है जो सबसे अधिक इस्तेमाल होती हैं। इनमें निधर्धारित दामों से अधिक न ती कोई ले सकता है न हीं इसके प्रिंट रेट से छेड़छाड़ की जा सकती है। इन सबसे बचने के लिए डॉक्टर निर्धारित निर्धारित दवाइयों के साथ लिखने की बजाय नए मॉलिक्यूल लिख रहे हैं। इसके अलावा कंपनियों ने नए प्रोडक्ट लांच कर दिए हैं जिनमें नए कांबिनेशन शामिल कर उसे प्रमोट किया जाता है। अपने मॉलेक्यूलिस और नए कांविनेशन की दवाइयां को अस्पताल तथा अच्छी प्रैक्टिस चाले निजी कलीनिक अपने नाम से बनवा रहे हैं. और उसके प्रिंट रेट भी अपनी मर्जी से निर्धारित करते हैं।यह दवाइयां डॉक्टर के कलीनिक से ही मिलती हैं जबकि बाहर कैमिस्ट शॉप से यह दवाइयां नहीं मिलती हैं। सरकार द्वारा भी कोई रोक नहीं लगाई जा रही है।

### दिखावे के तौर पर कभी कभार डॉक्टर दवाइयों से 5-10 प्रतिशत डिस्काउंट...

दे देते हैं ताकि मरीज भी खुश रहे और उनका काम भी चलता रहे जबकि बाजार में वहीं दवाइयां काफी कम दामों पर उपलब्ध हती है।

**रिपोर्ट के अनुसार 45 प्रतिशत सर्जरी फेक होती है...**2016 से लेकर 2025 तक हालत पहले से बदतर हो गए हैं जबकि 2016 में की रिपोर्ट के अनुसार 44 प्रतिशत सर्जरी फैक होती है जिनकी कोई आवश्यकता नहीं होती है। इनमें से 55 प्रतिशत दिल की सर्जरी, 48 प्रतिशत यूट्रस सर्जरी, 47 प्रतिशत कैंसर, 48 प्रतिशत घुटना प्रतिरोपण तथा 45 प्रतिशत से अधिक सिजेरियन सैक्शन सर्जरी बताई जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि पार्लियामेंट्री कमेटी इस बात को मान चुकी है कि अपने टारगेट और प्रॉफिट दिखाने के चक्कर में कॉर्परिट अस्पताल फैक सर्जरी करते हैं। और उनके साथ देने वाले डॉक्टरों की सैलरी लाखों रुपए में होती है। जी डॉक्टर अपने टारगेट पूरे नहीं करता या ऐसे कामों में अपनी दिलचस्पी नहीं दिखाता तो उसे कॉपोरेंट अस्पताल से चलता कर दिया जाता है।

# मल्हार रोड हादसाः कैबिनेट मंत्री अरोड़ा ने रोकी गाड़ी, खुद संभाला रेस्क्यू

लुधियाना, यूटर्न, 21 मार्च। फिरोजपुर रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर के नीचे मल्हार रोड पर शुक्रवार सुबह दो कारों की जोरदार टक्कर ने एक बार फिर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए। हादसे में कई लोग घायल हो गए, जबकि दोनों गाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा। प्रारंभिक तौर पर एक चालक के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है। इत्तेफाक से उसी समय कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा मौके से गुजर रहे थे। उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाकर हालात का जायजा



लिया और बिना देरी किए एम्बुलेंस व पुलिस को सूचित किया। डीएमसी अस्पताल की एम्बुलेंस तो समय पर पहुंच गई, लेकिन पुलिस कंट्रोल रूम की देरी ने राहत कार्य में बाधा डाली। करीब एक घंटे तक मंत्री अरोड़ा खुद मौके पर डटे रहे और रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को भी मदद के लिए प्रेरित किया, जिसकी स्थानीय लोगों ने सराहना की।

**मंत्री संजीव अरोड़ा का सख्त संदेश :** 'अगर एक कैबिनेट मंत्री को ही इमरजेंसी में समय पर सेवा नहीं मिलती, तो आम जनता का क्या हाल होता होगा? यह बेहद गंभीर विषय है। किसी भी कीमत पर इमरजेंसी रिस्पॉन्स में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।' घटना के बाद मंत्री ने पुलिस कंट्रोल रूम की देरी पर कड़ा संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से जवाब तलब किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई न जाए। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं को तुरंत और प्रभावी बनाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। थाना डिवीजन नंबर 5 की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और दोनों पक्षों को जांच के लिए थाने बुलाया है। फिलहाल घायलों का इलाज डीएमसी अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

**जनहित में अपील :** यह घटना साफ संकेत देती है कि नशे में ड्राइविंग, तेज रफ्तार और इमरजेंसी सेवाओं की ढिलाई जानलेवा साबित हो सकती है। प्रशासन और नागरिक—दोनों की जिम्मेदारी है कि ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें और किसी भी हादसे में तुरंत मदद के लिए आगे आएं।

**सड़क पर दिखी मानवता और नेतृत्व : चेयरमैन राजू बिंद्रा...**पंजाब व्यापर मंडल के चेयरमैन राजू बिंद्रा ने



कहा की 'मंत्री संजीव अरोड़ा का मौके पर रुककर घायलों की मदद करना मानवता और जिम्मेदारी की मिसाल है। ऐसे संवेदनशील नेतृत्व से ही जनता में भरोसा और सुरक्षा की भावना मजबूत होती है।'


# रेवाड़ी को बजट में बड़ी सौगातें, विधायक लक्ष्मण यादव ने सीएम का जताया आभार



हरियाणा/ यूटर्न/21 मार्च। विधानसभा बजट सत्र 2026-27 के बाद रेवाड़ी पहुंचे विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर क्षेत्र के लिए मिली बड़ी सौगातों की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस बार का बजट सत्र ऐतिहासिक रहा, जिसमें सभी विधायकों को अपनी बात रखने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिनमें दिल्ली-रेवाड़ी-बावल नमो मेट्रो कॉरिडोर को अंतिम रूप दिया जाना प्रमुख है। साथ ही प्रदेश में बनने वाले 8 हजार ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स में रेवाड़ी को भी शामिल किया गया है। जिमखाना क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि शहर में नया अग्निशमन केंद्र स्थापित किया जाएगा और नागरिक अस्पताल की क्षमता 200 से बढ़ाकर 300 बेड की जाएगी। रोहतक-दिल्ली-झज्जर रेलवे लाइन पर 207 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाएगा। धारूहेड़ा अस्पताल के उन्नयन और 300 करोड़ रुपये के दुग्ध प्लांट की स्थापना की योजना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि जिला जेल परिसर में पेट्रोल पंप, आयुष औषधालय और आईएमटी विकसित करने की घोषणा हुई है। साथ ही पेयजल सुधार, पुस्तकालय निर्माण और महाग्राम योजना पर भी काम होगा।

## सांसद के काफिले में घुसने की कोशिश पड़ी महंगी, एक्टिवा सवार का ₹11,000 चालान






जीरकपुर/यूटर्न/21 मार्च। जीरकपुर-पटियाला हाईवे पर शनिवार को ट्रैफिक नियमों की अनदेखी एक एक्टिवा सवार को भारी पड़ गई। ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए युवक का ₹11,000 का चालान कर दिया। ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर मनफूल सिंह ने बताया कि संबंधित युवक लगातार नियमों का उल्लंघन कर रहा था। इसी दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री व फरीदाबाद से सांसद कृष्ण पाल गुर्जर का काफिला जीरकपुर से पटियाला की ओर गुजर रहा था। पुलिस के अनुसार, युवक बार-बार सांसद के काफिले के बीच घुसने की कोशिश कर रहा था। काफिले में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उसे कई बार रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने निर्देशों की अनदेखी की, जिससे सुरक्षा व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हुई। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जीरकपुर ट्रैफिक पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। युवक पर इमरजेंसी वाहनों को रास्ता न देने और बिना हेलमेट वाहन चलाने के आरोप में ₹11,000 का चालान किया गया। इंस्पेक्टर मनफूल सिंह ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि विशेष रूप से वीआईपी या इमरजेंसी वाहनों के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतें और नियमों का पालन करें।

## मोहाली पुलिस में बड़ा फेरबदल: 15 पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर, कई थानों के SHO बदले, कई कर्मचारियों को भेजा पुलिस लाइन



मोहाली/ यूटर्न/21 मार्च।मोहाली जिला पुलिस में बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया है, जिसमें 15 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। इस बदलाव के तहत कई थानों के एसएचओ भी बदले गए हैं। खास बात यह रही कि युवक के मर्डर केस के बाद पुलिस लाइन भेजे गए इंस्पेक्टर अमन बैदवान को दोबारा थाना फेज-11 की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

वहीं, योगेश कुमार को फेज-11 से हटाकर थाना लालड़ू भेजा गया है, जबकि रणवीर सिंह को कंट्रोल रूम में तैनात किया गया है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार को थाना हंडेसरा का प्रभारी बनाया गया है और गुरु मिहर सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है। इसके अलावा, इंस्पेक्टर हर्ष मोहन को थाना सिटी कुराली का प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुरप्रीत सिंह को कुराली से हटाकर थाना सदर खरड़ भेजा गया है, जबकि अमनदीप सिंह चौहान को सदर खरड़ से बदलकर थाना मटौर की जिम्मेदारी दी गई है। इंस्पेक्टर सिमरनजीत सिंह को ऑपरेशन सेल से थाना सोहाना का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, सोहाना के प्रभारी सुनील कुमार को साइबर क्राइम में तैनात किया गया है और सतविंदर सिंह को साइबर क्राइम से ऑपरेशन सेल भेजा गया है। ट्रैफिक विभाग में भी बदलाव किए गए हैं, जहां परविंदर सिंह को ट्रैफिक जोन-3 का इंचार्ज बनाया गया है। जगीर सिंह को नयागांव और शाम लाल को लालड़ू ट्रैफिक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## बारिश बनी वरदान: गेहूं की फसल में भराव और उत्पादन बढ़ने की उम्मीद




हरियाणा/ यूटर्न/21 मार्च। करनाल सहित प्रदेश में हाल ही में हुई बारिश ने जहां पहले किसानों की चिंता बढ़ा दी थी, वहीं अब कृषि विशेषज्ञों की राय से राहत मिली है। विशेषज्ञों के अनुसार यह मौसम गेहूं की फसल के लिए लाभकारी साबित हो रहा है और बेहतर पैदावार की उम्मीदें बढ़ गई हैं। राष्ट्रीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. रतन तिवारी ने बताया कि गेहूं एक शीतकालीन फसल है, जिसे ठंडा वातावरण अनुकूल होता है। इस समय फसल दाने बनने और भराव की महत्वपूर्ण अवस्था में है। हल्की से मध्यम बारिश खेतों में जरूरी नमी बनाए रखती है, जिससे दानों का आकार और गुणवत्ता बेहतर होती है और उत्पादन बढ़ने की संभावना भी मजबूत होती है। बारिश के चलते तापमान में आई गिरावट भी फसल के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। अधिक तापमान जहां नुकसान पहुंचा सकता है, वहीं ठंडा मौसम फसल के संतुलित विकास में सहायक है। हालांकि विशेषज्ञों ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह भी दी है। जिन खेतों में पानी जमा हो गया है, वहां तुरंत निकासी की व्यवस्था जरूरी है, क्योंकि जलभराव फसल को नुकसान पहुंचा सकता है। कुल मिलाकर यह बारिश गेहूं उत्पादकों के लिए उम्मीदों की नई किरण लेकर आई है।

## मिडिल ईस्ट युद्ध का असर: नारनौल में फिर बढ़ी घरेलू गैस की किल्लत




हरियाणा/ यूटर्न/21 मार्च। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का असर अब भारत में घरेलू गैस पर भी देखने को मिल रहा है। इसके चलते लोगों को 15 साल पहले वाली परेशानियों की याद ताजा हो गई है, जब गैस सिलेंडर लेने के लिए लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ता था। 15 वर्ष पहले बीजेपी की सरकार बनने के बाद यह समस्या खत्म हो गई थी और सिलेंडर घर पर उपलब्ध होने लगे थे। लेकिन अब युद्ध के चलते गैस की किल्लत फिर से सामने आई है। नारनौल में भारत गैस एजेंसी पर गैस की कमी देखी गई, जिससे सुबह से ही लंबी लाइनें लगना आम हो गया। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई दिनों तक गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा और ऑनलाइन बुकिंग भी मुश्किल हो रही है। कई घंटे लाइन में खड़े रहने के बाद ही सिलेंडर बुक हो पाता है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के नोडल अधिकारी अरुण सैनी ने बताया कि विभाग सभी गैस एजेंसियों पर निगरानी रख रहा है। भारत गैस एजेंसी की गाड़ियों की देरी के कारण कमी हुई है, लेकिन उच्च अधिकारियों से बातचीत जारी है और जल्द ही यह पूरी की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से पैनिक न होने की अपील की और कहा कि किसी भी हालत में सिलेंडर उपलब्ध कराने में कोई परेशानी नहीं आएगी। विभाग कालाबाजारी पर भी कड़ी नजर रख रहा है।

चंडीगढ़
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
III रविवार, 22 मार्च 2026



पेज 12 सुखी: ईरान ने डिएगो गार्सिया में यूएस-यूके के...

# गैंगस्टर के नाम पर रंगदारी का साया, फेमिना सैलून संचालक से 1 करोड़ की मांग से हड़कंप

अजीत झा,

चंडीगढ़/यूटर्न/21 मार्च। शहर के पॉश सेक्टर-9 में गैंगस्टर के नाम पर रंगदारी मांगने का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस बार निशाने पर फेमिना सैलून के संचालक हैं, जिन्हें फोन कॉल और मैसेज के जरिए 1 करोड़ रुपये की मांग करते हुए धमकाया गया। आरोपियों ने खुद को बंबिया ग्रुप से जुड़ा बताया, जिससे शहर के कारोबारियों में दहशत फैल गई है।

## धमकियों का सिलसिला बना दहशत की वजह

सूत्रों के मुताबिक सैलून संचालक को पिछले कुछ समय से लगातार धमकी भरे कॉल और मैसेज मिल रहे थे। शुरुआत में इन्हें नजरअंदाज किया गया, लेकिन जब रकम की मांग सामने आई तो मामला गंभीर हो गया और पीड़ित ने पुलिस का दरवाजा खटखटाया।

## सेक्टर-34 थाना में केस दर्ज, जांच तेज

घटना के बाद सेक्टर-34 थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR), मोबाइल लोकेशन और डिजिटल साक्ष्यों के जरिए आरोपियों तक




पहुंचने की कोशिश कर रही है।

## गैंगस्टर कनेक्शन या नाम का दुरुपयोग?

जांच एजेंसियां इस पहलू पर भी काम कर रही हैं कि क्या वाकई धमकी देने वाले बंबिया ग्रुप से जुड़े हैं या फिर किसी ने गैंगस्टर के नाम का इस्तेमाल कर रंगदारी वसूलने की कोशिश की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि साइबर ट्रैकिंग और तकनीकी जांच से जल्द सच्चाई सामने लाई जाएगी।

## पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला

यह पहला मामला नहीं है। करीब एक माह पहले सेक्टर-9 स्थित 'हेयर मास्टर' सैलून के संचालक को भी कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। इस संबंध में मोहाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कारोबारी वर्ग में बढ़ी दहशत

शहर में एक के बाद एक सामने आ रहे रंगदारी के मामलों से व्यापारियों और शोरूम मालिकों में असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। कई व्यापारियों ने पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने, नियमित गश्त और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने की मांग की है।

## पुलिस का दावा—जल्द होगा खुलासा

पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि मामले को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी और पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। शहर में बढ़ते ऐसे मामलों के बीच अब सभी की नजर पुलिस की कार्रवाई पर टिकी है कि आखिर कब तक इन गैंगस्टर के नाम पर हो रही रंगदारी की घटनाओं पर लगाम लग पाती है।

# करनाल पुराने बस स्टैंड में आग, 3 बसें जलकर खाक



हरियाणा/ यूटर्न/21 मार्च।करनाल के पुराने बस स्टैंड पर रात के समय एक बड़ा हादसा होने से अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण एक बस में अचानक आग लग गई, जो धीरे-धीरे पास खड़ी दो अन्य बसों तक फैल गई। बस स्टैंड पर मौजूद कर्मचारी और अधिकारी तुरंत मौके पर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। उन्होंने प्रभावित बसों को साइड करने की कोशिश की और फायर ब्रिगेड को बुलाया। आग पर काबू पाने में कुछ समय लगा, और इस दौरान एक बस पूरी तरह जल गई जबकि दो अन्य बसें भी आग की चपेट में आईं। हालांकि अन्य बसों को भारी नुकसान होने से बचा लिया गया। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। प्रभावित बसों में से एक बस सुबह कैथल जाने वाली थी। अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच के अनुसार हादसा शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ है, लेकिन पूरी जांच के बाद ही अंतिम कारण स्पष्ट होगा। हादसे की सूचना मिलते ही करनाल रोडवेज के जीएम मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों की तत्परता की सराहना की, जिससे अन्य बसों को ज्यादा नुकसान होने से बचाया जा सका। इस घटना के बाद सुरक्षा और रखरखाव पर पुन: ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया गया है।

# टेलीग्राम के जरिये चंडीगढ़ में युवक से 7.44 लाख की ठगी, केस दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/21 मार्च। शहर में साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी के बीच एक और बड़ा मामला सामने आया है, जहां ळीॅर्१ें के जरिए एक युवक से 7.44 लाख रुपये ठग लिए गए। इस घटना ने एक बार फिर ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते नेटवर्क और साइबर अपराधियों के नए तरीकों को उजागर कर दिया है। पुलिस के अनुसार, मिल्क कॉलोनी, धनास निवासी गोविंद सिंह ने साइबर क्राइम थाना चंडीगढ़ में शिकायत दर्ज कराई है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे टेलीग्राम पर संपर्क कर झांसे में लिया और अलग-अलग बहानों से कुल 7,44,824 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए।

इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(2) और 61(2) के




तहत एफआईआर नंबर 45 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि आरोपी ने निवेश या मोटे मुनाफे का लालच देकर पीड़ित को फंसाया। साइबर एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इन दिनों टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे फर्जी ग्रुप और प्रोफाइल सक्रिय हैं, जो लोगों को कम समय में ज्यादा मुनाफे का झांसा देकर ठगी का शिकार बना रहे हैं।

पुलिस अब ट्रांजेक्शन डिटेल्स, बैंक खातों और डिजिटल ट्रेल के जरिए आरोपी तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के मामलों में रकम कई खातों में घुमाकर ट्रेसिंग को मुश्किल बनाया जाता है। चंडीगढ़ पुलिस ने आम लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी अनजान लिंक, मैसेज या निवेश ऑफर पर भरोसा न करें।

खासकर टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर आने वाले ऑफर्स से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना साइबर क्राइम हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में दें। इस घटना ने साफ कर दिया है कि साइबर ठग अब पहले से ज्यादा संगठित और तकनीकी रूप से सक्षम हो चुके हैं, ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

# किसान मेले में सोनालिका इंडस्ट्रीज का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र



दलजीत अज्नोहा

लुधियानर यूटर्न 21 मार्च। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू), लुधियाना में आयोजित दो दिवसीय किसान मेले के दौरान सोनालिका इंडस्ट्रीज द्वारा लगाया गया स्टॉल किसानों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। मेले के दौरान स्टॉल पर लगातार किसानों की भीड़ देखने को मिली, जो कंपनी के आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। इस अवसर पर क्रांति दीपक शर्मा, बिजनेस हेड, सोनालिका इंडस्ट्रीज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके नेतृत्व में कंपनी ने किसानों के लिए नई और उन्नत तकनीकों को प्रस्तुत किया, जिससे खेती को अधिक लाभकारी और आसान बनाया जा सके। मेले के दौरान सोनालिका इंडस्ट्रीज ने Inline Square Baler (Self Greasing System सहित), Super Seeder with DSR (Multi Crop Technology) तथा Hay Rake (11 Tyne) जैसे अत्याधुनिक कृषि यंत्र लॉन्च किए। इन मशीनों का उद्देश्य खेती की उत्पादकता बढ़ाना, लागत कम करना और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना है। मेले में पहुंचे किसानों ने इन उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई। कई किसानों ने मौके पर ही मशीनों की बुकिंग करवाई और इनके उपयोग तथा लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# नेशनल मैराथन के मद्देनजर 22 मार्च को मैराथन रूट में पड़ने वाले क्षेत्रों में ड्रोन कैमरा उड़ाने/चलाने पर प्रतिबंध



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/21 मार्च। जिला मजिस्ट्रेट आशिका जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए माहिलपुर से शुरू होने वाली शहीद-ए-आजम भगत सिंह नेशनल मैराथन के रूट में आने वाले क्षेत्रों में ड्रोन कैमरा उड़ाने/चलाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार, मैराथन में विभिन्न कैबिनेट मंत्री, विधायक, वीआईपी और राज्य स्तरीय एथलीट शामिल होंगे, जिसके मद्देनजर सुरक्षा कारणों से यह प्रतिबंध लागू किया गया है। यह मैराथन श्री गुरु गोबिंद सिंह खालसा कालेज माहिलपुर से शुरू होकर गढ़शंकर होते हुए पुन: श्री गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज, माहिलपुर में समाप्त होगी।

## प्रीमियम पेट्रोल-डीजल महंगा, पंपों पर बढ़ी भीड़; आम जनता के लिए राहत भी

सुनील पांडे

लुधियाना/यूटर्न/21 मार्च। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और इजरायल-ईरान संघर्ष के असर से प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल के दामों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके चलते शहर के पेट्रोल पंपों पर भीड़ बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, पावर (प्रीमियम) पेट्रोल करीब 2 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ है, जबकि इंडस्ट्रियल डीजल में लगभग 22 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतें फिलहाल स्थिर हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिली है। लुधियाना पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अनुसार, प्रीमियम फ्यूल की बढ़ी कीमतों का असर सीमित वर्ग पर पड़ेगा, लेकिन कंज्यूमर डीजल महंगा होने से ट्रांसपोर्ट और इंडस्ट्री अब पेट्रोल पंपों की ओर रुख कर सकती है, जिससे भीड़ बढ़ना तय है। विशेषज्ञों का कहना है कि लुधियाना, मोहाली और जालंधर जैसे शहरों में इसका असर ज्यादा देखने को मिलेगा।

**घबराहट में फ्यूल स्टॉक न करें, जरूरत के अनुसार ही खरीदारी करें और ईंधन बचत के उपाय अपनाएं।**

## हरियाणा के मुख्य सचिव ने धर्मपत्नी सहित तीसरे नवरात्र पर किए माता मनसा देवी के दर्शन, लिया आशीर्वाद

### यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ में डाली आहुति





पंचकूला/यूटर्न/21 मार्च। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अपनी धर्मपत्नी सोनिया सहित चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन आज पंचकूला के एतिहासिक माता मनसा देवी मंदिर में माथा टेककर विधिवत पूजा-अर्चना की और महामाई का आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत मुख्य सचिव ने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ में भाग लिया और आहुति अर्पित की। इससे पूर्व उन्होंने मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशा यादव ने मुख्य सचिव को माता मनसा देवी का चित्र सम्मान स्वरूप भेंट किया।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### चक्का रुका तो सब रुक जाएगा।

जबसे दुनिया में चक्का बना, तभी से इंसान की यात्रा आसान हो गई। पहियों ने दूरियों को छोटा कर दिया और जीवन को तेज रफ्तार दी। पहले लोग पैदल या जानवरों के सहारे चलते थे, लेकिन चक्के के आविष्कार ने परिवहन में क्रांति ला दी। आज कार, बस, ट्रेन और हवाई जहाज सब इसी सिद्धांत पर आधारित हैं। लेकिन अब समय बदल रहा है। दुनिया के देश ईंधन की लड़ाई लड़ने लगे हैं और एक दूसरे के तेल और गैस के भंडारों को नष्ट करने में लगे हैं। जिसके कारण पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों के भंडार धीरे-धीरे कम होने शुरू हो रहे हैं। जैसे-जैसे ये संसाधन घटेंगे, परिवहन के साधनों की गति भी धीमी पड़ने लगेगी। ईंधन महंगा हो रहा है और आगे और भी महंगा होगा, जिससे गाड़ियों का चलना कठिन हो जाएगा। इसका सीधा असर आम आदमी की जिंदगी पर पड़ेगा।

जब परिवहन धीमा होगा, तो सामान एक जगह से दूसरी जगह पहुँचने में ज्यादा समय और खर्च लगेगा। इससे वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी और महंगाई में तेजी आएगी। हर छोटी-बड़ी चीज महंगी हो जाएगी,जिससे लोगों का जीवन और कठिन हो जाएगा। इस स्थिति से बचने के लिए हमें फिर से एक विचार करना होगा और अभी से वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे बिजली, सौर ऊर्जा और साइकिल या पैदल चलने जैसे तरीकों को अपनाना होगा। तभी हम भविष्य की इस चुनौती का सामना कर पाएंगे।

## चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप देवी चंद्रघंटा की उपासना

## रेवाड़ी के सिद्धपीठ श्री दुर्गा मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी

हरियाणा/ यूटर्न/21 मार्च।चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा पूरे श्रद्धा भाव के साथ की जा रही है। रेवाड़ी के श्री दुर्गा मंदिर सहित शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्त मां के दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं और पूरा वातावरण ह्लजय माता दीह्व के जयकारों से गूंज रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां चंद्रघंटा का स्वरूप अत्यंत शांतिदायक और कल्याणकारी माना जाता है। उनके मस्तक पर घण्टे के आकार का अर्धचंद्र सुशोभित होता है, जिससे उनका नाम चंद्रघंटा पड़ा। मान्यता है कि उनकी उपासना से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मानसिक शांति प्राप्त होती है। मंदिर के पुजारियों ने बताया कि नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाता है, जो देर रात तक जारी रहता है। मंदिरों में विशेष पूजा, भजन-कीर्तन, रामचरितमानस पाठ और अखंड ज्योति के दर्शन हो रहे हैं। श्रद्धालु इस दिन धूसर रंग के वस्त्र पहनकर पूजा करते हैं। दुर्गा अष्टमी पर शहर में भव्य झांकी भी निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।



### कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Stamp Duty और Registration क्यों आवश्यक हैं?**

संपत्ति लेन-देन के समय दो शब्द अक्सर सामने आते हैं—Stamp Duty और Registration Fee। ये केवल औपचारिक शुल्क नहीं हैं, बल्कि संपत्ति हस्तांतरण की कानूनी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

Stamp Duty वह कर है जो राज्य सरकार संपत्ति लेन-देन पर लगाती है। यह संपत्ति के मूल्य के आधार पर तय होता है और अलग-अलग राज्यों में इसकी दर अलग हो सकती है।

Registration Fee वह शुल्क है जो दस्तावेज को आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए लिया जाता है।

यदि संपत्ति दस्तावेज पर उचित Stamp Duty नहीं दी गई हो, तो दस्तावेज को अदालत में चुनौती दी जा सकती है या उसे स्वीकार करने में कठिनाई हो सकती है।

इसलिए संपत्ति खरीदते समय सही Stamp Duty और Registration प्रक्रिया का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

निष्कर्ष: Stamp Duty और Registration केवल सरकारी शुल्क नहीं हैं; ये संपत्ति लेन-देन को कानूनी वैधता प्रदान करने की अनिवार्य प्रक्रिया हैं।

## भक्ति और सही मार्ग का आधार है श्रीमद् भागवत – एस.एस. खुराना



लुधियाना/यूटर्न/21 मार्च। महामाई के पावन चैत्र नवरात्र महोत्सव के उपलक्ष्य में आंसल एस्टेट निवासी एस.एस. खुराना की ओर से जगराओं पुल स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

कथा के दूसरे दिन श्री धाम वृंदावन से पधारे श्रीमद् जगद्गुरु श्री वेणुगोपाल शरण जी महाराज का एस.एस. खुराना द्वारा फूल-माला पहनाकर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया।अपने दिव्य प्रवचनों में महाराज जी ने कहा कि कलियुग में भगवान श्री ठाकुर जी को प्राप्त करने का सबसे श्रेष्ठ साधन श्रीमद् भागवत है। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत का उद्देश्य मनुष्य के अंदर भक्ति भाव का संचार करना, उसे गोविंद से जोड़ना और जीवन में भक्ति रस उत्पन्न करना है। श्रीमद् भागवत हमें ईश्वर से जोड़ने का कार्य करती है। इस अवसर पर एस.एस. खुराना ने कहा कि श्रीमद् भागवत एक ऐसा पवित्र ग्रंथ है, जो हमें जीवन का सही मार्ग दिखाता है। उन्होंने बताया कि यह कथा प्रतिदिन शाम 4:15 बजे से 7:15 बजे तक 25 मार्च तक श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी रहेगी।

V रविवार, 22 मार्च 2026 लुधियाना यूटर्न टाइम

# सिख प्रीमियर लीग सीजन 4 की नीलामी संपन्न, 14 से 19 अप्रैल तक होंगे मुकाबले



लुधियाना/यूटर्न/21 मार्च। सिख प्रीमियर लीग सीजन 4 का आयोजन 14 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 तक जीआरडी अकैडमी, हम्बड़ा रोड, लुधियाना में किया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट की आधिकारिक शुरूआत आज कार्लटन इन होटल, लुधियाना में आयोजित सफल नीलामी के साथ हो चुकी है इस वर्ष लीग में कुल 12 टीमें और 156 गुरसिख साबत सूरत खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जो पंजाब के 10 शहरों सहित देश के 5 विभिन्न राज्यों से आकर एक साथ खेलेंगे।खिलाड़ियों की यह विविध भागीदारी इस आयोजन को और अधिक व्यापक और प्रभावशाली बनाती है इस लीग का आयोजन गुरमत ज्ञान मिशनरी कॉलेज द्वारा किया जा रहा है। हर साल की तरह इस बार भी टीमों और खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली है, जो इस पहल की लोकप्रियता को दर्शाती है। सिख प्रीमियर लीग के कोर कमेटी सदस्य जसवीर सिंह ने इस अवसर पर कहा हमारा उद्देश्य सिख युवाओं को फिर से सिखी स्वरूप से जोड़ना है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 19 अप्रैल को खेला जाएगा, जिसमें कई नामचीन खिलाड़ी और विशेष अतिथि शामिल होंगे।

# रेहड़ी लगवाने को लेकर किताब बाजार और बिजली मार्केट के दुकानदार आपस में भिड़े, जमकर चले थप्पड़

लुधियाना/यूटर्न/21 मार्च। बाजार में रेहड़ी लगवाने को लेकर किताब बाजार और बिजली मार्केट के दुकानदार आपस में भिड़ गए। इस दौरान जमकर एक दूसरे के थप्पड़ मारे गए। वहीं दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर हथियारों से हमला करने के भी आरोप लगाए। इस पूरी वारदात की एक वीडियो भी सामने आई है। जिसे एक व्यक्ति द्वारा अपने मोबाइल में कैद किया गया था। दोनों पक्ष द्वारा एक दूसरे पर बदमाशी करने, रेहड़ियां लगवाकर अवैध वसूली करने और पैसे न देने पर रेहड़ियां हटवाने के आरोप लगाए गए। जिसके बाद दोनों पक्ष द्वारा सिविल अस्पताल से मेडिकल करवाकर थाना कोतवाली पुलिस को शिकायत दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि यह मारपीट की वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।



आपस में झगड़ते दुकानदार

**क्या वसूली के लिए लगवाई जाती है रेहड़ियां...**वहीं इस मारपीट के बाद शहर में चर्चा छिड़ गई है कि क्या दुकानदारों द्वारा वसूली के लिए रेहड़ियां लगवाई जाती है। चर्चा है कि अगर रेहड़ी वाले पैसे दे रहे हैं तो ठीक हैं। फिर रेहड़ियां लगी रहने दी जाती है। अगर पैसे न दें तो उसकी निगम को शिकायत करके रेहड़ियां उठवा दी जाती है। अब इस मामले में सच सामने लाने के लिए इसकी प्रशासन को जांच जरुर करनी चाहिए।



**खुद कब्जे किए, वह सही, रेहड़ी लगी तो गलत हो गई...**वहीं एक पक्ष की तरफ से किताब बाजार एसोसिएशन के प्रधान जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि टिक्की वाले की रेहड़ी पिछले 20 सालों से लग रही है। लेकिन आज तक किसी को कोई एतराज नहीं हुआ। बिजली मार्केट के 2-3 दुकानदारों द्वारा उससे वसूली की कोशिश की गई, वसूली न होने पर उसकी शिकायत दे दी गई। बंटी ने कहा कि किसी भी समय बिजली मार्केट में जाकर देखा जा सकता है कि उक्त 2-3 दुकानदारों द्वारा खुद सड़क पर 5-5 फीट तक सामान रखकर कब्जे किए हुए हैं। वह उनके लिए सही है। अगर एक रेहड़ी लग गई तो वह गलत हो गई। उक्त दुकानदारों द्वारा बदमाशी करते हुए पहले रेहड़ी वाले को पीटा गया और फिर उन पर व उनके साथियों पर हथियारों से हमला कर दिया।



**जबरन रेहड़ियां लगवा बदमाशी कर रहे थे हमलावर...**वहीं बिजली मार्केट के दुकानदारों का आरोप है कि बिजली मार्केट के मोड पर टिक्की वाले ने कब्जा कर रखा है। लुधियाना इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन और मेडिकल एसोसिएशन ने रेहड़ियां हटवाने को मंत्री संजीव अरोड़ा को शिकायत दी थी। निगम के इंस्पेक्टर विपिन हांडा द्वारा रेहड़ियां हटवाई गई। वहीं किताब बाजार के बंटी द्वारा जबरन रेहड़ियां लगवाकर बदमाशी करनी शुरू कर दी। उन्होंने दोबारा निगम इंस्पेक्टर को शिकायत की। जिसके बाद बंटी अपने दो बेटों और साथियों समेत उनकी दुकान पर हथियारों से लैस होकर आया और आकर हमला कर दिया।

# लुधियाना में ईद की रौनक, जमा मस्जिद में उमड़े लोग: नमाज में एक साथ सजदे में झुके सिर, एक-दूसरे को दी बधाइयां, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

लुधियाना/ यूटर्न/21 मार्च। लुधियाना में ईद-उल-फितर का त्योहार आज बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही ऐतिहासिक जामा मस्जिद में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के वक्त मस्जिद परिसर से लेकर आसपास की सड़कों तक हजारों लोग इकट्ठा हुए



और अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। बच्चे, युवा और बुजुर्ग नए कपड़ों में नजर आए और इत्र की खुशबू से माहौल महक उठा। नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए और ट्रैफिक को भी डायवर्ट किया गया।

# लुधियाना में स्कूल गई स्टूडेंट लापता: कम्प्यूटर का आखरी पेपर देने गई थी, पर लौटी नहीं, शादी का झांसा देकर युवक पर भगाने का आरोप



लुधियाना/ यूटर्न/21 मार्च।लुधियाना में एक नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में चिंता का माहौल है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी 17 वर्षीय बेटी 18 मार्च को कंप्यूटर का आखिरी पेपर देने के लिए एक प्राइवेट स्कूल गई थी, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिवार ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, परंतु कोई सुराग नहीं मिल सका।बाद में जांच के दौरान सामने आया कि करन कुमार नाम का युवक, जो कोटकपूरा के प्रेम नगर इलाके का रहने वाला है, लड़की को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। थाना साहनेवाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। लड़की और आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों को जल्द बरामद कर लिया जाएगा।

# लुधियाना में फ्लेवर नशा तस्कर गिरफ्तार: बल्लोके रोड पर हुक्का व दूसरे नशीले पदार्थ बेचता था, पुलिस नेटवर्क की तलाश में जुटी

लुधियाना/ यूटर्न/21 मार्च। लुधियाना में हुक्का और प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों पर लगी पाबंदी के बावजूद अवैध कारोबार जारी है। इसी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना हैबोवाल पुलिस ने बलोकी रोड पर छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो खुलेआम हुक्का और नशीले फ्लेवर की सप्लाई कर रहा था।

हवलदार मनदीप सिंह के अनुसार 20 मार्च को पुलिस टीम इलाके में गश्त कर रही थी। जब टीम ग्रीन एवेन्यू और गांव बल्लोके के पास पहुंची, तो उन्हें



गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से हुक्का और प्रतिबंधित फ्लेवर बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बलोकी रोड स्थित शराब के ठेके के बाहर दबिश दी।

जांच में आरोपी की पहचान अशोक कुमार निवासी ग्रीन एवेन्यू के रूप में हुई। वह ठेके के बाहर घूम-घूमकर ग्राहकों को नशीले फ्लेवर ऑफर कर रहा था। पुलिस ने मौके पर ही उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 चालू हुक्के, प्रतिबंधित फ्लेवर के पैकेट और अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ इठर की धारा 223 के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

Uturn Time 22 Mar 2026_Layout 2 21-03-2026 22:19 Page 8



# अमृतसर वेयरहाउसिंग अधिकारी ने की खुदखुशी, मंत्री लालजीत भुल्लर से पार्टी ने लिया इस्तीफा

चंडीगढ़/यूटर्न/21 मार्च। अमृतसर में पंजाब वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा की ओर से आत्महत्या कर ली गई। खुदखुशी से पहले उन्होंने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। जिसमें उन्होंने अपनी मौत का कारण पंजाब के मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को बताया। जिसके बाद यह मामला गर्मा गया। जिसके चलते आप पार्टी द्वारा तरनतारन के पट्टी से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक और पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर से शनिवार को इस्तीफा ले लिया गया। यह इस्तीफा मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देश पर लिया गया है। वहीं, सीएम ने मुख्य सचिव को निष्पक्ष जांच करने का निर्देश भी दिया, और साफ कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परिवहन मंत्रालय के लिए अभी तक किसी नए मंत्री के नाम की घोषणा नहीं की गई है।



**सीएम ने विधायक की संलिप्तता की जांच के दिए आदेश...** इससे पहले, एक सरकारी प्रवक्ता ने पुष्टि की थी कि सीएम मान ने अधिकारी की मौत के कारणों और इसमें विधायक की किसी भी तरह की संलिप्तता की औपचारिक जांच के आदेश दिए हैं। रंधावा, भुल्लर के विधानसभा क्षेत्र पट्टी में अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे, ने कथित तौर पर 'सेल्फोस' (एल्युमिनियम फॉस्फाइड) जहर खाने से पहले एक आखिरी वीडियो रिकॉर्ड किया था। इस वीडियो में उन्होंने आप मंत्री का नाम लेते हुए उन पर गंभीर रूप से परेशान करने का आरोप लगाया था।

## विपक्ष ने जोरदार तरीके से उठाया मुद्दा

इस घटना के बाद तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। कांग्रेस विधायक और नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला, और शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल व बिक्रम सिंह मजीठिया जैसे विपक्षी नेताओं ने सोशल मीडिया पर इन आरोपों को जोर-शोर से उठाया। उन्होंने भुल्लर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, उन्हें तत्काल मंत्रिमंडल से हटाने, मृतक के फोन को सबूत के तौर पर सुरक्षित रखने और इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। उन्होंने सीएम भगवंत मान और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार की कट्टर ईमानदार छवि पर भी सवाल उठाए।



## कांग्रेस ने एफआईआर करने की मांग की

बाजवा ने वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारी गगनदीप रंधावा की मौत के मामले में कई गंभीर सवाल खड़े किए। एक्स पर एक पोस्ट में, बाजवा ने आरोप लगाया कि रंधावा को आप मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर द्वारा लगातार उत्पीड़न और हमले का सामना करना पड़ा और कथित तौर पर उन्होंने यह चरम कदम उठाने से पहले मंत्री का नाम लिया था। उन्होंने सीएम भगवंत मान और पंजाब पुलिस से तत्काल और निष्पक्ष जांच शुरू करने का आग्रह किया, और इस बात पर जोर दिया कि कानून सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए।



## सुखबीर बादल ने कार्रवाई को बताया नाटक

शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने सीएम मान से सवाल किया कि क्या इस्तीफा स्वीकार करने से मृत अधिकारी वापस आ सकते हैं। इस कार्रवाई को महज एक नाटक बताते हुए, बादल ने दावा किया कि असली न्याय जल्द ही पंजाब की जनता द्वारा किया जाएगा।

## अधिकारी की वीडियो क्लिप आई सामने

इस वीडियो क्लिप में, उन्होंने कथित तौर पर दावा किया कि उन पर मंत्री के किसी करीबी को टेंडर देने का दबाव डाला गया था, लेकिन उन्होंने एक वैध बोली लगाने वाले के पक्ष में इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इसके अलावा, उन्होंने 10 लाख रुपये की रिश्वत की मांग किए जाने और भुल्लर के आवास पर उनके साथ कथित तौर पर मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वहां उनके साथ एक आपत्तिजनक वीडियो बनाने की भी कोशिश की गई थी।

# हरियाणा और अफ्रीका की साझेदारी से विकास को मिलेगी गति : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी




हरियाणा/ यूटर्न/21 मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वैश्विक सहयोग के नए दौर में हरियाणा अफ्रीकी देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा औद्योगिक, आर्थिक, कृषि, पशुपालन, डेयरी और बागवानी जैसे क्षेत्रों में अग्रणी बन चुका है, जहां आपसी सहयोग से विकास को नई गति मिलेगी। नई दिल्ली में आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 के तहत भारतझ्अफ्रीका सामरिक साझेदारी बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोहर लाल ने की, जबकि श्रीपद येस्सो नाइक भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा और अफ्रीका के रिश्ते केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ह्हार्ट टू हार्टह्ह संबंध हैं। कृषि तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई और डेयरी विकास में साझेदारी से दोनों पक्षों को लाभ होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह सहयोग नए आयाम स्थापित करेगा, जिससे आर्थिक प्रगति के साथ वैश्विक स्तर पर साझा विकास और समृद्धि को भी बल मिलेगा।



# रेवाड़ी के सैक्टर चार प्रोडिजी जैन पब्लिक स्कूल में दाखिला उत्सव कल, एडमिशन फेस्टिवल में टैलेंट हंट के साथ अनेक प्रकार की गतिविधियां कराई जाएंगी

हरियाणा/ यूटर्न/21 मार्च। रेवाड़ी शहर के सैक्टर चार स्थित प्रतिष्ठित विद्यालय जैन पब्लिक स्कूल की शाखा प्रोडिजी स्कूल में रविवार को प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर विद्यार्थियों के अनेक प्रतियोगिताओं एवं आकर्षक गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। उप प्रधानाचार्य विजय गुप्ता ने बताया कि इस दिन विद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को जहाँ कंपोजिट फीस में 75 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, वहीं उन्हें पुस्तकों पर भी 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक चलने वाले उत्सव में बच्चों के लिए खेल गतिविधियों के साथ नृत्य, गायन एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। लिमिटेड सीट्स और पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मैनेजमेंट की ओर से विशेष छूट प्रदान की गई है। उन्होंने छात्र अभिभावको से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस फेस्टिवल का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# सांग उत्सव के तीसरे दिन कलाकारों ने हीरा मल जमाल के सांग से बांधा समां, खिला मौसम, खिले हरियाणवी चेहरे




चंडीगढ़/यूटर्न/21 मार्च। नॉर्थ जोन कल्चरल सेंटर, कलाग्राम में आयोजित हरियाणवी 'सांग उत्सव-26' के तीसरे दिन लोक कलाकारों ने अपनी दमदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पारंपरिक सांग कला का आनंद लेने पहुंचे। सोनीपत से आए कलाकार करण सिंह एंड पार्टी ने अपनी प्रस्तुति में हरियाणवी लोक संस्कृति की गहराई को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रसिद्ध राजस्थानी राजा की पुत्री पद्मावत व रणबीर सेन की प्रेम कहानी का सांग पेश उन्होंने पारंपरिक सांग शैली में सामाजिक और ऐतिहासिक प्रसंगों को बेहद प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत किया। उनके संवाद, भाव-भंगिमा और गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं बीच-बीच में हास्य के तड़के ने माहौल को और भी रोचक बना दिया। वहीं हिसार से धर्मवीर एंड पार्टी ने अपनी ऊजार्वान प्रस्तुति से कार्यक्रम में नई जान डाल दी। उनकी टीम ने हीरा मल जमाल सहित प्रेम, संघर्ष और ग्रामीण जीवन से जुड़े किस्सों को शानदार अभिनय और सशक्त गायन के साथ प्रस्तुत किया।

# पीजीआई में जल्द बनेगा डेडिकेटेड ट्रांसप्लांट सेंटर: प्रो. विवेक लाल




/यूटर्न/21 मार्च। पीजीआई में जल्द ही एक समर्पित (डेडिकेटेड) ट्रांसप्लांट सेंटर स्थापित किया जाएगा। यह घोषणा संस्थान के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने क्ळएनुअल कांफ्रेंस 2026 के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि नया ट्रांसप्लांट सेंटर बनने से संस्थान में ट्रांसप्लांट सेवाओं को एकीकृत किया जाएगा, जिससे इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा, मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ट्रांसप्लांट की संख्या में भी वृद्धि होगी। साथ ही, यह सेंटर प्रशिक्षण, रिसर्च और समन्वय को भी नई दिशा देगा। प्रो. लाल ने ट्रांसप्लांटेशन को सर्जरी का सबसे श्रेष्ठ कार्य बताते हुए कहा कि यह न केवल जीवन बचाता है बल्कि मरीज को सम्मान और नई उम्मीद भी देता है।

उन्होंने युवा डॉक्टरों से अपील की कि वे इस क्षेत्र के अग्रदूतों से प्रेरणा लें और समर्पण के साथ कार्य करें। उन्होंने डायलिसिस से गुजर रहे मरीजों की पीड़ा का जिक्र करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया जितनी आसान दिखती है, उतनी ही कठिन होती है।

# पुलिस ने नशीली गोलियों के साथ एक को दबोचा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/21/मार्च। जगरांव थाना सदर रायकोट के मुख्य अफसर एसआई कुलविंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी शाम करीब 6:35 बजे गांव मोहम्मदपुरा से जोहलां की तरफ गश्त कर रही थी। जब पुलिस गांव मोहम्मदपुरा के श्मशान घाट के गेट के पास नहर की पटरी (सूआ) पर पहुंची, तो वहां खड़ा एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और पीछे मुड़ने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे तुरंत रोक लिया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 20 खुली सफेद नशीली गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# पंजाब सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के तहत 1.91 लाख से अधिक विद्यार्थियों को 219 करोड़ जारी: डॉ. बलजीत कौर

पंजाब/ यूटर्न/21 मार्च। सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत मौजूदा वित्तीय वर्ष में 1,91,429 अनुसूचित जाति विद्यार्थियों के लिए 219 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। यह कदम अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



मंत्री ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है। इससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और बेहतर भविष्य बनाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने दोहराया कि कोई भी योग्य छात्र आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे, यह सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष 2.70 लाख विद्यार्थियों को योजना में शामिल करने का लक्ष्य था, जबकि अब तक 2,72,093 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। यह बढ़ती जागरूकता और विश्वास का संकेत है। सरकार द्वारा समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे लाभार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में यह एक अहम कदम साबित हो रहा है।

# लुधियाना गैंगरेप-मर्डर केस: हाईकोर्ट ने फांसी की सजा बदली, 50 साल बिना रियायत जेल का आदेश

चंडीगढ़/लुधियाना/यूटर्न/21 मार्च। पंजाब के बहुचर्चित चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म और हत्या मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए दोषी की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है। अदालत ने दोषी को कम से कम 50 वर्ष तक बिना किसी रियायत के वास्तविक कैद भुगतने का आदेश दिया है। जस्टिस अनूप चितकारा और जस्टिस सुखविंदर कौर की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि मामला 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' की श्रेणी की सीमा पर जरूर खड़ा है, लेकिन जांच में सामने आई कमियां मौत की सजा देने में बाधा बनती हैं।

अदालत ने दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं, हालांकि जांच के दौरान कुछ गंभीर खामियां भी उजागर हुई। इनमें अतिरिक्त




न्यायिक स्वीकारोक्ति पर संदेह, मुख्य गवाह के बयान में विरोधाभास और एक महत्वपूर्ण गवाह का अदालत में पेश न होना शामिल है।

घटना 28 दिसंबर 2023 की है, जब आरोपी चार साल की बच्ची को उसके दादा के चाय स्टॉल से बहला-फुसलाकर ले गया था। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी गई और शव को छिपा दिया गया। करीब 20 दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। निचली अदालत ने उसे फांसी की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में यह भी स्पष्ट किया कि हत्या पूर्व नियोजित नहीं थी, बल्कि दुष्कर्म के बाद सबूत मिटाने की कोशिश में की गई। अदालत ने कहा कि समाज की सुरक्षा जरूरी है, लेकिन हर मामले में अपरिवर्तनीय दंड देना अनिवार्य नहीं होता। साथ ही, अदालत ने पीड़ित परिवार को 75 लाख रुपये मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं और ढडउरड अ३ के तहत 25 वर्ष की सजा भी सुनाई है। अदालत ने भावुक टिप्पणी करते हुए कहा कि पीड़िता की 'गलती' सिर्फ इतनी थी कि वह एक असहाय और मासूम बच्ची थी। यह घटना समाज और व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाती है। कोर्ट ने शिक्षा और सामाजिक मूल्यों में सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि ऐसे अपराधों पर रोक लगाई जा सके।

# बब्बू मान के साथ फिल्म में नजर आएंगे कॉमेडियन जसवंत सिंह राठौर

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 21 मार्च। कॉमेडी की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले जसवंत सिंह राठौर जल्द ही एक नई पंजाबी फिल्म असीं बागी चंगे में अभिनय करते दिखाई देंगे। पंजाब के प्रसिद्ध अभिनेता एवं गायक बब्बू मान की नई आने वाली पंजाबी फिल्म असीं बागी चंगे में कॉमेडियन जसवंत सिंह राठौर एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। जिसके लिए वह इन दिनों इस फिल्म की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। सागा स्टूडियो द्वारा बनाई जा रही इस फिल्म का निर्माण सुमित सिंह कर रहे हैं, जबकि फिल्म का निर्देशन अमरप्रीत सिंह छाबड़ा कर रहे हैं। जसवंत पहली बार बब्बू मान के साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगे।

**कॉमेडी अपने अनुभवों को पेश करने का जरिया बनाया...** कॉमेडियन जसवंत सिंह राठौर ने कॉमेडी की दुनिया में अपनी एक अलग



पहचान बनाई है। उनके लिए कॉमेडी सिर्फ रंगमंच तक ही सीमित नहीं बल्कि उन्होंने कॉमेडी को सच्चाइयों और अपने अनुभवों को पेश करने का एक जरिया भी बनाया है। स्कूल कॉलेज के समय पर स्टेजों पर दर्शकों को लोटपोट करते रहे और इसके बाद 2006 में एमएच 1 के कॉमेडी शो हसदे हंसादे रहो का खिताब जीतकर उन्होंने कॉमेडी जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई। कपिल शर्मा भी इस शो का हिस्सा थे। इसके पश्चात 2008 में वह टीवी शो लाफ्टर चैलेंज में दिखे।

**फिल्म स्टार्स की आवाजें निकाल कर बनाई अलग पहचान...** जसवंत ने बॉलीवुड के प्रख्यात कलाकारों की आवाजें निकाल कर कॉमेडी जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई। वह अब तक एक दर्जन के करीब पंजाबी फिल्में और तीन बॉलीवुड फिल्में भी कर चुके हैं। इसके अलावा कपिल शर्मा शो, लाफ्टर चैलेंज जैसे शो का हिस्सा भी रहे हैं। वह डेढ़ सौ से ज्यादा कलाकारों की आवाजें निकाल सकते हैं। जिनमें सुनील शेट्टी, अमिताभ बच्चन, संजय दत्त, सनी देओल, दिलीप कुमार, शक्ति कपूर आदि की आवाज शामिल है। वहीं बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी के साथ उनका खास लगाव है। वह शुरू से ही बार-बार सुनील शेट्टी की फिल्में देखते थे और 2012 में उन्हें सुनील शेट्टी के साथ मिलने का मौका मिला। इसके बाद वह उनके दोस्त बन गए।

## लुधियाना में दिनदहाड़े महिला से चेन स्नैचिंग: एक्टिवा सवार लुटेरों ने स्कूटी रोककर की वारदात

लुधियाना/यूटर्न/21 मार्च। लुधियाना में चेन स्नैचिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और ताजा मामला थाना सदर क्षेत्र से सामने आया है। धांदरा रोड स्थित जैन मंदिर चौक के पास



दिनदहाड़े एक महिला को निशाना बनाया गया। पीड़िता बिंदू ने पुलिस को बताया कि वह अपनी एक्टिवा पर दुगरी की ओर जा रही थी, तभी एक युवक ने अपनी एक्टिवा उसकी गाड़ी के आगे लगाकर उसे रोक लिया। इसके बाद आरोपी ने जबरदस्ती उसके गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गया। पूरी वारदात इतनी तेजी से हुई कि महिला कुछ समझ ही नहीं पाई। सूचना मिलते ही थाना सदर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि बढ़ती स्नैचिंग की घटनाओं को देखते हुए गश्त बढ़ा दी गई है और आरोपी को जल्द पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## दोस्ती में दगा: गाड़ी की पेमेंट लेकर भी नहीं करवाई गाड़ी नाम, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/21 मार्च। थाना डिवीजन नंबर 8 में एक दोस्त द्वारा गाड़ी हड़पने की कोशिश में धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विपन शर्मा निवासी न्यू कुंदनपुरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए शिकायतकर्ता घुमारमंडी के ऋषि जैन ने बताया कि 2019 में उसने अपने दोस्त से गाड़ी खरीदने की बात की तो आरोपी ने गाड़ी अपने नाम खरीदने की बात की और 2019 में 36.50 लाख



रुपये की इनडेवर गाड़ी आरोपी ने 1539000 रुपये देकर अपने नाम ली और बकाया राशि 2006761 रुपये का लोन कराया। जिसकी सभी किश्ते ऋषि जैन द्वारा दी गई। ऋषि जैन ने बताया कि 2021 में आरोपी विपन ने गाड़ी ऋषि जैन की है, कह कर उसके नाम करने का वायदा किया और दोस्ती पर विश्वास करते हुए ऋषि जैन ने सभी किश्ते पुरी की और बकाया राशि भी बैंक से लोन करवा कर अपने आरोपी दोस्त को दे दी। जिसके चलते आरोपी ने सभी कागजी फॉर्मेलिटी पुरी होने के बाद भी गाड़ी की एन ओ सी देने से मुकर गया और गाड़ी हड़पने की कोशिश की।

## स्कूल पेपर देने के लिए गई स्टूडेंट लड़की लापता, शादी का झांसा देकर युवक पर भगाने का आरोप

लुधियाना/यूटर्न/21 मार्च। साहनेवाल इलाके में स्कूल पेपर देने गई एक नाबालिग लड़की अचानक लापता हो गई। परिजनों ने





एक युवक पर शादी का झांसा देकर लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। थाना साहनेवाल पुलिस ने कोटकपूरा के करन कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 18 मार्च को कंप्यूटर का आखिरी पेपर देने के लिए प्राइवेट स्कूल गई थी, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिवार ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जांच के दौरान परिजनों को पता चला कि करन कुमार नाम का युवक उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया है।

# सीएम सुक्खू ने 50 प्रतिशत तक वेतन कटौती की घोषणा की; न्यायपालिका से वेतन स्थगित करने पर विचार की मांग

चंडीगढ़/यूटर्न/21 मार्च। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को राज्य विधानसभा में 2026-27 के लिए 54,928 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। सुक्खू ने आज कहा कि 1952 के बाद यह पहली बार है जब केंद्र से राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) के बिना बजट पेश किया जा रहा है। वित्त विभाग का प्रभार संभालने वाले सुक्खू ने वर्ष 2026-27 के लिए अपना चौथा बजट पेश करते हुए अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा, राज्य को आरडीजी अनुदान रोकना हिमाचल के लोगों के साथ अन्याय और नाइंसाफी है।

राज्य की गंभीर वित्तीय स्थिति को देखते हुए, सीएम सुक्खू ने अस्थायी वेतन स्थगन की घोषणा की: छह महीने के लिए सीएम के वेतन में 50 प्रतिशत, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों के वेतन में 30 प्रतिशत, और विधायकों के वेतन में 20 प्रतिशत की कटौती। हाई कोर्ट और जिला न्यायपालिका से भी 20-30 प्रतिशत वेतन स्थगन पर विचार करने को कहा गया है। सुक्खू ने आश्वासन दिया कि वित्तीय स्थिति में सुधार होते ही ये कटौतियां वापस ले ली जाएंगी। सीएम सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में मनरेगा जारी रहेगा और चार लाख मानव-दिवस सृजित किए जाएंगे, जिसके लिए राज्य अपने कोष से धन उपलब्ध कराएगा। इससे राज्य सरकार पर 300 से 600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है।



### सबसे गरीब परिवारों के नाम होंगे शामिल

सीएम ने कहा कि राज्य की बीपीएल सूची में विशेष रूप से सबसे गरीब परिवारों के नाम शामिल किए जाएंगे। वर्तमान में, राज्य में 2.65 लाख बीपीएल परिवार हैं, और अब सरकार सबसे गरीब परिवारों की पहचान कर रही है ताकि उनका उत्थान किया जा सके। 'मुख्यमंत्री अपना सुखी परिवार योजना' के तहत एक लाख वंचित और सबसे गरीब परिवारों की मदद की जाएगी। इन परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। इनमें से जिन 27,000 परिवारों के पास पक्का मकान नहीं है, उन्हें घर बनाने के लिए सहायता दी जाएगी; साथ ही, अपनी गारंटी पूरी करने के वादे के तहत इन परिवारों की सभी महिलाओं को 1,500 रुपये दिए जाएंगे।

### 8000 हेक्टेयर जमीन पर वृक्षारोपण होगा

वहीं, वन क्षेत्र के लिए, 2026-27 तक हरित आवरण को 29.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 32 प्रतिशत किया जाएगा; 8,000 हेक्टेयर जमीन पर वृक्षारोपण किया जाएगा, जिसके लिए 55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है; महिलाओं और युवा मंडलों को वृक्षारोपण के काम में शामिल किया जाएगा ताकि उन्हें नियमित आय सुनिश्चित हो सके; इको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसके तहत 50 नए स्थल विकसित किए जाएंगे; 50 वन गेस्ट हाउसों के लिए बुकिंग ऑनलाइन की जाएगी।

### २.३२ लाख किसान प्राकृतिक जैविक खेती में लगे

मुख्यमंत्री का कहना है कि 2.32 लाख किसान प्राकृतिक जैविक खेती में लगे हुए हैं। जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए एक विशेष मार्केटिंग योजना शुरू की गई है। उन्होंने जैविक रूप से उगाए गए गेहूं के एमएसपी में 60 रुपये से 80 रुपये तक, मक्का के एमएसपी में 40 रुपये से 50 रुपये तक और हल्दी के एमएसपी में 90 रुपये से 150 रुपये तक की बढ़ोतरी की घोषणा की।

### विपक्ष पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने शुरू में ही विपक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह हिमाचल विरोधी है और आरडीजी के लिए हिमाचल के पक्ष का समर्थन नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इस बात के लिए इखढ को कभी माफ नहीं करेगी। नाराज विपक्ष सदन के वेल (बीच के हिस्से) तक मार्च करते हुए पहुंचा और मुख्यमंत्री की टिप्पणियों के विरोध में नारेबाजी करने लगा। इस भारी हंगामे के बीच भी मुख्यमंत्री अपना बजट भाषण पढ़ते रहे। स्पीकर कुलदीप पठानिया ने विपक्ष के सदस्यों से अपनी-अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह करते हुए सदन में व्यवस्था बहाल करने की कोशिश की।

# गुर अमृत कौर रायपुरी बनीं मिस ग्रैंड पंजाब, राष्ट्रीय मंच पर करेंगी राज्य का प्रतिनिधित्व

## 15 वर्ष की उम्र से खिताब रहीं हैं जीत, मॉडलिंग के साथ साथ ला ऑफिसर बनना है पैशन

चंडीगढ़/यूटर्न/21 मार्च। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित भव्य क्राउन सेरेमनी में गुर अमृत कौर रायपुरी को मिस ग्रैंड पंजाब का ताज पहनाया गया। इस खास मौके पर मिस ग्रैंड पंजाब और मिस ग्रैंड चंडीगढ़ की स्टेट डायरेक्टर अक्षिता अरोड़ा की विशेष उपस्थिति रही। गौरतलब है कि गुर अमृत कौर इसी महीने मिस ग्रैंड इंडिया प्रतियोगिता में पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगी। यदि वह इस प्रतियोगिता में विजयी होती हैं, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी प्राप्त करेंगी। पवित्र नगरी श्री आनंदपुर साहिब की रहने वाली गुर अमृत कौर ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मेंटर, गाइड और फिलॉसफर अक्षिता अरोड़ा को दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के लिए वह उनकी आभारी हैं।



गुर अमृत कौर का मानना है कि मॉडलिंग के क्षेत्र में केवल शारीरिक सुंदरता ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और संतुलन भी बेहद जरूरी है। वह एक एनिमल लवर और नेचर लवर हैं तथा समय-समय पर पौधारोपण और पशुओं की देखभाल को महत्वपूर्ण मानती हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें पेंटिंग और डांसिंग का शौक है। इसके अलावा वह किचन में भी काफी क्रिएटिव हैं और कुकिंग उनका पसंदीदा शौक है। पब्लिक स्पीकिंग उनकी विशेषता है, जिसके दम पर उन्होंने यह खिताब हासिल किया।

युवा लड़कियों को संदेश देते हुए गुर अमृत कौर ने कहा कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक विकास व खुद को प्रेजेंट करने पर भी विशेष ध्यान दें। इस मौके पर अक्षिता अरोड़ा ने बताया कि पंजाब व चंडीगढ़ में टैलेंट की कमी नहीं है, अडिशंस के समय लगभग 150 केंटेस्टेंट्स में से अपने लुक्स,स्किल व कम्यूनिकेश के बल पर विजयी हुई हैं गुर अमृत।

# चौकी छपार (थाना जोधां) द्वारा 7 किलो भुक्की बरामद

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/21/मार्च। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस चौकी छपार के प्रभारी एएसआई जसपाल सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ सरकारी गाड़ी (किआ कैरेंस नंबर PB-65-BG-8516) में संदिग्धों की चेकिंग के लिए गांव जोधां से खंडूर की ओर जा रहे थे। जब पुलिस पार्टी ईंटों के भट्ठे के पास, खंडूर की सीमा से थोड़ा आगे पहुंची, तो सड़क के बाईं ओर एक युवक भारी प्लास्टिक के बोरे (गट्ठ) के साथ खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह खिसकने लगा, लेकिन पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे काबू कर लिया। प्लास्टिक के बोरे की तलाशी लेने पर उसमें से 7 किलो भुक्की (चूरा पोस्त) बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# देशभर में छाया लुधियाना, आईआईएम बैंगलोर में रेयांश गोयल ने मारी बाजी

लुधियाना/यूटर्न/21 मार्च। लुधियाना और पंजाब के लिए गर्व का क्षण है कि PrepWizards, लुधियाना के छात्र रेयांश गोयल ने भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर (आईआईएम बैगलोर) के प्रतिष्ठित अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम इ.रू. इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) में प्रवेश हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल संस्थान बल्कि पूरे लुधियाना शहर के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है, जिससे शहर राष्ट्रीय शैक्षणिक मानचित्र पर मजबूती से उभर कर सामने आया है। आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में अंडरग्रेजुएट और इंटीग्रेटेड प्रोग्राम्स में प्रवेश बेहद प्रतिस्पर्धी होता है, जिससे यह सफलता और भी खास बन जाती है। पहले आईआईएम में प्रवेश केवल ग्रेजुएशन के बाद कॉमन एडमिशन टेस्ट के जरिए संभव था। लेकिन हाल के वर्षो में आईआईएम संस्थानों ने 12वीं के बाद सीधे प्रवेश के लिए अंडरग्रेजुएट और इंटीग्रेटेड प्रोग्राम्स शुरू किए हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा का स्तर और भी बढ़ गया है। आईआईएम इंदौर का क्ढटअळ प्रोग्राम लंबे समय तक इस क्षेत्र में सबसे प्रसिद्ध रहा है। इसके बाद आईआईएम कोझिकोड, आईआईएम सिरमौर और आईआईएम संभलपुर ने भी ऐसे प्रोग्राम शुरू किए।



# खन्ना पुलिस का नया प्रयत्न, एक ही प्लेटफॉर्म पर सुनवाई



दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/21 मार्च। ए एस कॉलेज लड़कियां खन्ना में खन्ना पुलिस प्रशासन द्वारा दूसरा जिला स्तरीय समाधान कैंप लगाया गया। इस कैंप का नेतृत्व सीनियर पुलिस कप्तान खन्ना डॉक्टर दर्पण अहलूवालिया ने खुद किया। इस कैंप के दौरान पुलिस जिला खन्ना के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लोगों की हर तरह से शिकायत सुनी गई और बहुत सारी शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया तथा एसएसपी खन्ना द्वारा पुलिस अधिकारियों को समय रहते ही जांच करके रहती शिकायतों का निपटारा करने के निर्देश दिए गए। एसएसपी डॉ दर्पण अहलूवालिया की दूरदर्शी सोच, सख्त निगरानी और लोगों की आसान पहुंच ने लोगों में यह विश्वास पैदा किया है कि अब उनकी समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना और हल किया जाएगा। यह पहल भविष्य में ओर भी जिलों के लिए भी एक मिसाल साबित हो सकती है।

### पुलिस के कामकाज की बढ़ा रही पारदर्शिता

इस कैंप द्वारा एसएसपी ने साफ संदेश दिया है कि खन्ना पुलिस जनता के साथ खड़ी है और हर पीड़ित को इंसाफ दिलवाने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। यह पहल ना सिर्फ लंबित शिकायतों का हल कर रही है बल्कि पुलिस के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ा रही है।

### कैंप में लोगों के साथ होता है सीधा सम्पर्क

एसएसपी दर्पण अहलूवालिया ने बताया कि हर शनिवार और रविवार को पुलिस स्टेशनों और सब - डिवीजन स्तर पर समाधान कैंप लगते रहते हैं मगर आज जिला स्तर पर कैम्प लगाया गया है। इस कैंप में लोगों के साथ सीधा सम्पर्क होता है और एक ही प्लेटफॉर्म पर दोनों पार्टियों की सुनवाई होती है तथा लोगों को अलग अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते बल्कि एक ही प्लेटफॉर्म पर संबंधित समस्याओं का निपटारा हो जाता है।

### अधिकारी इक्कठे बैठकर करते हैं सुनवाई

उन्होंने कहा कि सभी सुपरवाइजरी अधिकारी,एसएचओ, चौंकी इंचार्ज और जांच अधिकारी इक्कठे बैठकर शिकायतों की सुनवाई करते हैं। सुपरवाइजरी अधिकारियों द्वारा दिए दिशा निर्देश और हिदायतें मौके पर ही लागू करनी यकीनी बनाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कैंप लगाते रहेंगे।

Uturn Time 22 Mar 2026_Layout 2 21-03-2026 22:19 Page 11



# ईद-उल-फित्र त्योहार पर विधायक डॉ अजय गुप्ता ने मुस्लिम भाईचारे को दी बधाई





अमृतसर/ यूटर्न/21 मार्च। देश में आज ईद-उल-फित्र (मीठी ईद) त्योहार मनाया जा रहा है । आपसी भाईचारे के प्रतीक ईद- उल-फितर के पावन अवसर पर केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता हॉल बाजार स्थित मस्जिद खैरूद्दीन, होटल रमादा के पास मस्जिद सिकंदर खान में जाकर मुस्लिम समुदाय के साथ खुशियां साझा की। आपसी भाईचारे के प्रतीक ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर विधायक डॉ गुप्ता ने सभी को ईद की बधाई दी। विधायक डॉ गुप्ता ने कहा कि ईद का त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। आपके सभी प्रयासों में खुशी और सफलता मिले। विधायक डॉ गुप्ता ने खुर्शीद अहमद, मौलाना हामिद हुसैन से भी मुलाकात कर केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में पड़ती इन मस्जिदों में आए मुस्लिम भाईचारे को बधाई दी। इस अवसर पर सुदेश कुमार, अजय न्यूल, मंजीत सिंह, ओमप्रकाश,कुरनेश भार्गव, विक्की, रघु कुमार भी मौजूद थे।

# बठिंडा आधारित कारोबारी को लूटने की योजना बना रहे दो मुलजिम गिरफ्तार; दो पिस्तौल बरामद



बठिंडा/ यूटर्न/21 मार्च। मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत पंजाब को सुरक्षित बनाने की मुहिम में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने बड़ी सफलता हासिल की है। बठिंडा पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में दो मुलजिमों को गिरफ्तार किया गया है और उनके कब्जे से दो गैर-कानूनी देसी .32 बोर पिस्तौल, मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। यह जानकारी डीजीपी पंजाब ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान जैकी कुमार उर्फ जैकी (परसराम नगर, बठिंडा) और विकास अरोड़ा (विशाल नगर, बठिंडा) के रूप में हुई है। विकास अरोड़ा आपराधिक पृष्ठभूमि वाला दोषी है और घरेलू हिंसा के मामले में भी शामिल रहा है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वे बठिंडा में एक व्यापारी को लूटने की योजना बना रहे थे और हथियार दिल्ली से खरीदे गए थे। एजीटीएफ के डीआईजी ने बताया कि जैकी और विकास को पंचवटी क्षेत्र, मित्तल मॉल के पास देखा गया। पुलिस ने उन्हें जीटी रोड पर रोकने का प्रयास किया, लेकिन सरहिंद नहर के पास भागने की कोशिश की। तत्परता से कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और हथियार बरामद किए गए।

# नेचर कैंप थापली में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## नेचर कैंप थापली में विश्व वानिकी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन






पंचकूला/यूटर्न/21 मार्च। पर्यावरण की गोद में बसे नेचर कैंप थापली में विश्व वानिकी दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक हरियाणा श्री विनित कुमार गर्ग मुख्यअतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर नेचर कैंप में अपने तीन दिवसीय भ्रमण पर आए पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ के विद्यार्थियों ने विशेष रूप से भाग लिया।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक हरियाणा विनित कुमार गर्ग ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व वानिकी दिवस का थीम है ''वन और अर्थव्यवस्था''। उन्होने कहा कि वन न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर रखते हैं बल्कि इनका देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करने में अहम योगदान है। वन विभाग हरियाणा द्वारा प्रदेश में वन क्षेत्र बढाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

उन्होने बताया कि पिछले वर्ष प्रदेश भर में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों को अधिक से अधिक पेड लगाने और उन्हें संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होने बताया कि हरियाणा वन विभाग एक पेड माँ के नाम अभियान के साथ साथ केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के तहत तय लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है। विनित गर्ग ने बताया कि इस साल प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और जनभागेदारी से डेढ करोड पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा हरियाणा सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और जैव विविधता को सुरक्षित रखने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। पेड़ों के संरक्षण के लिए प्राणवायु देवता पेंशन योजना के तहत 75 साल से ऊपर के पेड़ों के रखरखाव के लिए 3 हजार रुपये सालाना पेंशन देने का प्रावधान किया हुआ है।

# एलपीजी संकट से स्कूलों में चूल्हों पर मिड-डे मील: पंजाब सरकार का हर हाल में बच्चों को भोजन देने के आदेश, बिजली, लकड़ी का विकल्प



अमृतसर/ यूटर्न/21 मार्च। पंजाब सरकार और शिक्षा विभाग के निर्देशों के बाद राज्य के सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील योजना को हर हाल में जारी रखने के लिए वैकल्पिक उपाय अपनाए जा रहे हैं। LPG की कमी के चलते कई स्कूलों में अब खाना पारंपरिक चूल्हों और लकड़ी के ईंधन पर तैयार किया जा रहा है।अमृतसर के सरकारी हाई स्कूल इब्बण कलां इसका उदाहरण है। स्कूल के प्रिंसिपल के अनुसार पिछले चार दिनों से मिड-डे मील लकड़ी पर बनाया जा रहा है, रोजाना 10 से 15 किलो लकड़ी की खपत हो रही है, लेकिन बच्चों के भोजन में कोई कमी नहीं आई है। मिडल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण LPG सप्लाई प्रभावित हुई है, जिससे कई राज्यों में गैस की कमी देखने को मिली है। सरकार ने साफ निर्देश दिए हैं कि गैस उपलब्ध न होने पर भी भोजन बनना चाहिए। स्कूलों को लकड़ी, बिजली या अन्य किसी भी साधन से खाना तैयार करने के लिए कहा गया है। प्रशासन ने जमीनी स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। इब्बण कलां स्कूल में भी इस दिशा में पूरी तरह पालन हो रहा है। गैस की कमी के बावजूद समय पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और पोषण दोनों प्रभावित नहीं हो रहे हैं।

Shriya Saran



# सुखी: ईरान ने डिएगो गार्सिया में यूएस-यूके के मिलिट्री बेस पर 4,000 कि.मी. रेंज वाली मिसाइलें दागीं

चंडीगढ़/यूटर्न/21 मार्च। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'मेहर' के अनुसार, ईरान ने शनिवार को हिंद महासागर में स्थित यूएस-यूके के मिलिट्री बेस डिएगो गार्सिया को निशाना बनाते हुए दो मध्यम-रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हालाँकि, दोनों में से कोई भी मिसाइल बेस पर नहीं गिरी, लेकिन यह हमला तेहरान की ऑपरेशनल पहुँच में आए जबरदस्त विस्तार का संकेत देता है। मेहर ने डिएगो गार्सिया को निशाना बनाने की इस घटना को एक अहम कदम बताया, जो यह दशार्ता है कि ₹ईरान की मिसाइलों की रेंज उससे कहीं ज्यादा है, जितना दुश्मन ने पहले सोचा था। वॉल स्ट्रीट जर्नल से बात करते हुए यूएस अधिकारियों ने बताया कि एक मिसाइल तो बीच रास्ते में ही फेल हो गई, जबकि दूसरी मिसाइल को रोकने के लिए एक यूएस जंगी जहाज ने रट-3 इंटरसेप्टर मिसाइल दागी। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि मिसाइल को रोकने की यह कोशिश कामयाब रही या नहीं। ब्रिटेन ने हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया बेस पर ईरान के इस लापरवाही भरे मिसाइल हमले की कड़ी निंदा की है।



**मिसाइलों की छिपी हुई क्षमताओं का हुआ खुलासा...**इस हमले ने सबका ध्यान इसलिए खींचा, क्योंकि डिएगो गार्सिया ईरान से लगभग 4,000 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह दूरी तेहरान की बैलिस्टिक मिसाइलों की उस रेंज से दोगुनी है, जिसे उसने अब तक सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया था। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने पहले कहा था कि उनके देश की मिसाइलें 2,000 किलोमीटर तक मार कर सकती हैं। भले ही यह हमला अपने तय निशाने पर नहीं लगा, लेकिन इसने पूरी दुनिया को ईरान की असली क्षमताओं पर दोबारा सोचने के लिए मजबूर कर दिया है।

**ईरान ने साबित की अपनी स्थिति...**इतनी ज्यादा दूरी से हमला करने की कोशिश करके, ईरान ने यह साबित कर दिया है कि उसकी पहुँच उन सभी पिछले अनुमानों से कहीं ज्यादा दूर तक हो सकती है, जिससे हिंद महासागर में यूएस और यूके की रणनीतिक योजनाओं को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस कोशिश ने सुरक्षा से जुड़े जोखिमों के नक्शे को ही बदलकर रख दिया है। यह एक राजनीतिक संदेश भी है : यूएस का कोई भी बेस अब पूरी तरह से उनकी पहुँच से बाहर नहीं है।

## डिएगो गार्सिया: हिंद महासागर में एक अहम रणनीतिक केंद्र

डिएगो गार्सिया यूएस की सैन्य शक्ति को प्रदर्शित करने का एक बेहद अहम मंच है, जहाँ भारी-भरकम बमवर्षक विमान, निगरानी विमान और जरूरी लॉजिस्टिक्स से जुड़ा बुनियादी ढाँचा मौजूद है। मिसाइल से हमला करने की इस कोशिश ने यूएस को मजबूर कर दिया है कि वह एक दूरदराज के इलाके में अपनी सबसे आधुनिक मिसाइल-रक्षा प्रणालियों को तैनात करे। हालाँकि रिपोर्टों में यह कहा गया है कि एक मिसाइल को बीच में ही रोक लिया गया था और दूसरी मिसाइल फेल हो गई थी, फिर भी ईरान ने यूएस को अपनी रक्षात्मक प्रणालियों को सक्रिय करने पर मजबूर करके एक बड़ी रणनीतिक कामयाबी हासिल कर ली है।

## हमले के नतीजे मायने नहीं रखते

एक रक्षा सूत्र ने कहा, तकनीकी तौर पर इस हमले का क्या नतीजा निकला, यह बात उतनी मायने नहीं रखती; जितनी कि ईरान की मिसाइलों की पहुँच का प्रदर्शन मायने रखता है। व्यापक भू-राजनीतिक प्रभाव मिसाइल का यह प्रयास होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव के बीच हुआ, जहाँ ईरान ने पहले भी व्यापारिक जहाजों और अमेरिकी सेना को निशाना बनाया है। यूके ने हाल ही में सामूहिक आत्मरक्षा₹ के दायरे में मध्य पूर्व में अपने ठिकानों से अमेरिकी

**ईरान ने अंतरराष्ट्रीय जहाजों संबंधी की निंदा...**डाउनिंग स्ट्रीट के एक प्रवक्ता ने कहा कि मंत्रियों ने ईरान द्वारा अंतरराष्ट्रीय जहाजों को भी अपने लक्ष्यों में शामिल करने के विस्तार की निंदा की है और चेतावनी दी है कि इन हमलों से क्षेत्र के और गहरे संकट में जाने और वैश्विक आर्थिक प्रभाव के बिगड़ने का खतरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूके से मंजूरी मिलने में हुई देरी पर टिप्पणी करते हुए कहा, यूके की प्रतिक्रिया बहुत देर से आई है। मुझे हैरानी है क्योंकि हमारे संबंध इतने अच्छे हैं। उन्हें और तेजी से कार्रवाई करनी चाहिए थी। पेंटागन मध्य पूर्व में अतिरिक्त युद्धपोत और हजारों मरीन तैनात करके जवाब दे रहा है, जिससे रणनीतिक समुद्री मार्गों और सहयोगी देशों के हितों की सुरक्षा मजबूत हो रही है।

**मिसाइल के प्रयास से मिले रणनीतिक सबक...**डिएगो गार्सिया को निशाना बनाकर, ईरान ने संघर्ष के क्षेत्र को मध्य पूर्व से बढ़ाकर हिंद महासागर तक फैला दिया है। यह प्रयास संकेत देता है कि अमेरिका का कोई भी ठिकाना, चाहे वह कितना भी दूर क्यों न हो, तेहरान की पहुँच से बाहर नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि तेहरान शायद ऐसे सिस्टम का परीक्षण कर रहा है जो असल में मध्यम-दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं के करीब पहुँच रहे हैं, जिनकी पहुँच दक्षिणी यूरोप या हिंद महासागर के और भी अंदर तक हो सकती है।

**तकनीकी के साथ रणनीतिक प्रदर्शन...**विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह जितना एक तकनीकी परीक्षण है, उतना ही एक रणनीतिक प्रदर्शन भी है। ईरान ने अमेरिका को अपनी शीर्ष-स्तरीय मिसाइल-रक्षा प्रणालियों का इस्तेमाल करने पर मजबूर कर दिया, जिससे सैन्य योजनाओं में अनिश्चितता पैदा हो गई और अपनी अघोषित क्षमताओं का संकेत भी मिल गया। भले ही अमेरिका ने एक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक लिया हो, लेकिन यह प्रयास ही दिखाता है कि पुरानी बैलिस्टिक प्रणालियाँ भी स्थापित रक्षा ढाँचों को चुनौती दे सकती हैं, जिससे वाशिंगटन और लंदन को इस क्षेत्र में अपनी तैनाती और रक्षा रणनीतियों का फिर से आकलन करने पर मजबूर होना पड़ा है।




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372